>

Title: Need to introduce inter-city train between Pali in Rajasthan to Delhi.

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): सभापति जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे सदन में बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाने का मौका दिया है। मैं जिस एरिया से आता हूं वह राजस्थान का पाली क्षेत्र है। पाली की जनता पूरे भारत में रहती है। मैंने इस संबंध में रेल मंत्री जी से मिला था और मैं आपके माध्यम से भी निवेदन करना चाहता हूं कि पाली से दिल्ली के लिए इंटरसिटी की लम्बे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया जाए और दिल्ली से पाली के लिए एक इंटरसिटी रेलगाड़ी चलाई जाए। दूसरी बात यह है कि हमारे क्षेत्र की जनता मजदूरी के लिए विशेष रूप से चेन्नै, पूना, हैदराबाद और मुम्बई रहती है, उसे पाली आने जाने में बहुत कठिनाई होती है। वहां के लिए केवल हफ्ते में केवल एक ट्रेन चलती है। मैं करता हूं कि उसे पूरे हफ्ते रोजाना चलाया जाए। चेन्नै से चलने वाली गाड़ी नं. 2526, हैद्राबाद से चलने वाली गाड़ी नं. 3738, पूना से चलने वाली गाड़ी 1089 और 1090 हैं, उन्हें पूरे सप्ताह, यानी रोजाना चलाया जाए।

महोदय, मैंने एक नई रेल लाइन बर-बिलाडा के लिए भी मांग की है और मंत्री महोदया ने हमें आश्वासन दिया था कि मैं सर्वे करा रही हूं और जल्दी से जल्दी सर्वे को पूरा किया जाएगा। इससे पहले उन्होंने कहा था कि इसके सर्वे के लिए 30 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए गए हैं, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि इसके लिए एक भी पैसा स्वीकृत नहीं किया गया है। इसलिए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदया से मांग करता हूं कि इस लाइन का शीघ्र सर्वे कराया जाए और उसे रेलवे लाइन से जोड़ा जाए। इससे जनता को बहुत बड़ा फायदा मिलेगा। एक नई रेलवे लाइन पीपाड़ सिटी से वाया भोपालगढ़ होती हुई, आसोप होती हुई, मुंडवा और नागोर के लिए बनाने की मांग की है।

<u>19.00 hrs.</u>

इसलिए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री से कहना चाहूंगा, नारायण स्वामी जी सुन रहे हैं, ये हमारी बात का पूरा ध्यान रखें, क्योंकि हमारे बहुत से लोग बाहर रहते हैं, लम्बे टाइम से वह मजदूरी के लिए जा रहे हैं, इसलिए लोगों को आने-जाने की बड़ी तकलीफ है। रेलवे की कैपेसिटी 650 है और वेटिंग लिस्ट 900 आ रही है, यह स्थिति है। स्वामी जी, आपको हमारा पूरा ध्यान रखना है और हमारे एरिया की मांग आपको रेल मंत्री से पूरी करानी है। जयहिन्द-जयभारत।